‘बौद्धिक संपदा अधिकार’ पर सेमिनार समाप्त

डुमरांव | निज प्रतिनिधि

डीके कॉलेज

- सेमिनार में किसी ने कानूनी पक्ष तो किसी ने नैतिक पक्ष रखा
- विद्वानों ने इस विषय को सरल रूप से समझाया

स्थानीय डीके कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का गुरुवार को समापन हो गया। इस समापन समारोह में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं संस्थानों से आए विद्वानों ने भाग लिया। सेमिनार के विषय ‘‘बौद्धिक संपदा अधिकार’’ पर अपनी बात बेबाकी से रखते हुए उपस्थित लोगों एवं छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्द्धन किया। विद्वानों ने इस विषय को बहुत ही सरल रूप में समझाया।

किसी ने इसके अधिकार के कानूनी पक्ष की जानकारी दी तो किसी ने इसके नैतिक पक्ष को सभी के सामने रखा। वक्ताओं ने इसकी आवश्यकता और महत्व को विस्तार से बताया। सेमिनार का निर्देशन आईक्यू एसी अध्यक्ष सह डीके कॉलेज के प्राचार्य डा. धीरेन्द्र कुमार सिंह, संयोजक विभागाध्यक्ष भूगोल के मो. अरबाब खान द्वारा किया गया। इसका उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश शिवानंद पाठक तथा संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. देवी प्रसाद तिवारी, पूर्व कुलपति प्रो. धर्मेन्द्र तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पहले आगंतुक

डीके कॉलेज, डुमरांव में आयोजित सेमिनार में शामिल अतिथि। ● हिन्दुस्तान

अतिथियों को एनसीसी के छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं एनएसएस के छात्रों ने स्वागत गीत गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। मौके पर नाबार्ड मुंबई के सहायक प्रबंधक आदित्य कुमार सिंह, नोट स्पीकर आईआईटी दिल्ली के फेलो डा. इम्तियाज आलम, प्रो. डा. सत्यनारायण सिंह, महेश दत्त सिंह, प्रदीप पाठक, एस एन राय, अनुष्का श्रीनिधि, सौम्या श्रीनिधि भी रहे मौजूद।

Daily Hindi News Paper, *Hindustan*, 31/05/2019

बक्सर खबर। बौद्धिक संपदा और अधिकार एवं भारत में ट्रेड मार्क विषय पर सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। डुमरांव के डीके कालेज में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। कालेज के प्राचार्य डा. धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कार्यक्रम 28 एवं 29 मई को प्रस्तावित है। कालेज परिसर में स्थित सभा कक्ष में इसका संचालन होगा। मुख्य अतिथि रांची उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शिवानंद पाठक हैं।

इसके अलावा वीर कुंवर सिंह विश्व विद्यालय के कुलपति देवी प्रसाद तिवारी, आई आई टी दिल्ली के इम्तियाज आलम, पूर्व कुलपति डा. धर्मेन्द्र तिवारी एवं आदित्य कुमार सिंह आदि को आमंत्रित किया गया है। दो दिवसीय सेमीनार में इस पर विशेष चर्चा होगी। मौजूदा वक्त में बौद्धिक संपदा के प्रकार, संरक्षण और उसके संरक्षण के लिए बने कानून की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी। कार्यक्रम का समय 11 बजे से निर्धारित किया गया है।

Buxer Khabar, May 26, 2019: http://www.buxarkhabar.com/national-seminar-on-intellectual-property-and-rights-in-dumraon/

बक्सर खबर। डुमरांव डीके कालेज परिसर में आज दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिले में पहली बार किसी कालेज द्वारा इस विषय पर ऐसा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका शुभारंभ रांची उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डा सभा कक्ष में आयोजित सेमिनार की शुरूआत सुमित्रा महिला कालेज की छात्राओ द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। आंगतुक अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डा.धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं आईक्यूएसी सेल के समन्वयक अरबाज खां

ने स्मृति चिह् एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.कामता प्रसाद सिन्हा ने अपने अनूठे अंदाज में किया। सेमिनार के प्रथम सत्र के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन डा.उषा रानी ने किया। इसके पूर्व न्यायाधीश डा.पाठक ने कुलपति संग महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहली बार पंहुचे न्यायाधीश सहित कुलपति को सुमित्रा महिला महाविद्यालय की एनसीसी छात्राओ ने सशस्त्र गॉड आफ आनर प्रदान किया। इस कार्यक्रम को लेकर डी.के.कालेज के परिसर में सामान्य लोगो की भीड़ भी उमड़ी रही। यह कार्यक्रम गुरुवार को भी चलेगा।.शिवानंद पाठक एवं दिल्ली आईआईटी के डा. इम्तियाज आलम और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. देवी प्रसाद तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस मौके पर पूर्व कुलपति धर्मेन्द्र तिवारी, नाबार्ड के सहायक प्रबंधक आदित्य कुमार सिंह, व्यवहार न्यायालय के सबजज एक कैलाश जोशी, सब-जज दो बी.के.सिंह, मुसिंफ मो. अफजल, डा.बैजनाथ सिंह, डा. के.एम. श्रीवास्तव, डा.एस.एन.सिंह, एम भी कालेज के प्राचार्य, शमशेर पाठक, सुमित्रा महिला कालेज की प्राचार्य डा. शोभा सिंह, प्रो.नंद जी दुबे, एचडी जैन कालेज के प्राचार्य, प्रो.राजू मोची, प्रो.श्यामनारायण राय, कार्यपालक दण्डाधिकारी कन्हैया प्रसाद, ब्रहपुर थानाध्यक्ष डी एन तिवारी, मनोज कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, ब्रजेश प्रसाद,लोजपा के नेंता सीताराम सिंह, भाजपा नेंता शंभूनाथ पाण्डेय, अजीत कुमार सिंह, आराधना सिन्हा, रोहित पाठक, विद्यार्थी परिषद के संटु मित्रा, दीपक यादव एवं रेवती रमण मिश्रा आदि मौजूद थे।

Buxer Khabar, May 29, 2019 http://www.buxarkhabar.com/intellectual-property-rights-poison/?fbclid=IwAR1QKpPOEg90nxuQTq0GFkA-F9rQZgPx7RxahntiqygIVwa3ex6tIBozB0Q

beforeprint.in
विश्वसनीयता सर्वोपरि

डुमरांव: D.K कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

Posted By: Bittu Goswami on: May 29, 2019

डुमरांव(बक्सर)अरुण विक्रांत: वीर कुवंर सिंह विश्व विद्यालय की अंगीभूत इकाई डुमरांव स्थित डी.के.कालेज प्रबंधन के सौजन्य से पहली बार बौद्धिक संपदा अधिकार बिषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आगाज हुआ। सेमिनार का उद्घाटन झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डा.शिवानंद पाठक,दिल्ली आईआईटी के वैज्ञानिक डा.इम्तियाज आलम एवं विवि के कलपति डा.देवी प्रसाद तिवारी ने संयक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस मौके पर पूर्व कुलपति धर्मेन्द्र तिवारी,नाबार्ड के सहायक प्रबंधक आदित्य कुमार सिंह, व्यवहार न्यायालय के सब-जज एक कैलाश जोशी, सब-जज दो बी.के.सिंह, मुसिंफ मो. अफजल, डा.बैजनाथ सिंह, डा.के.एम.श्रीवास्तव, डा.एस.एन.सिंह,एम भी कालेज के प्राचार्य, शमशेर पाठक, सुमित्रा महिला कालेज की प्राचार्य डा.शोभा सिंह, प्रो.अर्चना सिंह, प्रो.नंद जी दुबे, एचडी जैन कालेज के प्राचार्य, प्रो.राजू मोची, प्रो.श्यामनारायण राय, कार्यपालक दण्डाधिकारी कन्हैया प्रसाद, ब्रहपुर थानाध्यक्ष डी एन तिवारी,मनोज कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, ब्रजेश प्रसाद,लोजपा के नेंता सीताराम सिंह, भाजपा नेंता शंभूनाथ पाण्डेय, अजीत कुमार सिंह, अर्चना सिन्हा, रोहित पाठक, विद्यार्थी परिषद के संटु मित्रा, दीपक यादव एवं कर्मी रेवती रमण मिश्रा आदि सहित सैकड़ो की तायदाद में लोग मौजूद थे।

सभा कक्ष में आयोजित सेमिनार की शुरूआत सुमित्रा महिला कालेज की छात्राओ द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। आंगतुक अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डा.धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं आईक्यूएसी सेल के समन्वयक अरबाब खां ने स्मृति चिह् एवं अंगबस्त्र भेंट कर किया। मौके पर प्राचार्य डा.धीरेन्द्र सिंह ने अपने स्वागत भाषण के दरम्यान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.कामता प्रसाद सिन्हा ने अपने अनूठे अंदाज में किया। सेमिनार के प्रथम सत्र के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन डा.उषा रानी ने किया।

इसके पूर्व झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डा.पाठक ने कुलपति संग महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पहली बार पंहुचे न्यायाधीश सहित कुलपति को सुमित्रा महिला महाविद्यालय की एनसीसी के छात्राओ ने सशस्त्र गाॅड आफ आनर प्रदान किया। पहली बार आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में डी.के.कालेज के परिसर में सामान्य लोगो की भीड़ भी उमड़ी रही। दुसरी ओर कुलपति ने स्नातक पार्ट थ्री की जारी परीक्षा का निरीक्षण किया।

https://www.beforeprint.in/news/bihar-news/buxar-news/dumuran-national-seminar-on-dictating-intellectual-property-rights-in-d-k-college/